हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026

हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7

बढ़ते भारत की आवाज़





मिल्कियाना®

Balanced Cattle Feed

Presents

डॉ. हिमांशु द्विवेदी

प्रधान संपादक

हरिभूमि, आईएनएच

मा. रामविचार नेताम

कैबिनेट मंत्री- आदिम जाति विकास,
कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी,
मछली पालन एवं पशुधन विकास मंत्री

कृषि संवाद

Agriculture Conclave 2026



Saturday, 24 Oct 2026 | Time : 2.00 PM

Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

Health Partner

NABARD

aries agro limited

KSC TECHNO PVT. LTD.
Pioneering a Digital Revolution

ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA

tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति

AVK™

ए.एन.आटोमोबाईल

AANDRAYA ENTERPRISES

मां दुर्गा की आराधना में डूबे ग्रामीण, गूंज रहे माता के जयकार...



सुरसाबांधा। राजिम क्षेत्र के लोहरसी गांव में काफी धूमधाम के साथ मां दुर्गा की आराधना में पूरे ग्रामवासी लगे हुए है। यहां के प्रमुख चौक और मुहल्लो के पंडाल में माता की प्रतिमा विराजित है। सुबह शाम आरती में बड़ी संख्या में मातृशक्तियां छोटे बच्चे शामिल हो रहे है। गांव का पूरा वातावरण धर्ममय बना हुआ है।



बरोंडा में माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित, गूंज रहे जयकारे

सुरसाबांधा। नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम बरोंडा के बाजार चौक में माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। माता रानी के विराजमान होने से क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। श्रद्धालुजन माता रानी की पूजा-अर्चना कर परिवार एवं ग्राम की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा कुल 5 ज्योत प्रज्वलित की गईं। ज्योत प्रज्वलित करने वालों में रोमलाल वर्मा, घनश्याम चक्रधारी, उधोव विश्वकर्मा, लक्ष्मण साहू, सृष्टि सहपरिवार, रुचि साहू एवं बंशीलाल साहू पंडा शामिल हैं। नवरात्रि के इस पावन पर्व पर ग्राम में श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह का माहौल है। श्रद्धालुओं ने माता रानी से सभी के जीवन में सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली बनाए रखने की कामना की।

नवरात्रि उत्सव में उमड़ा जनसैलाब शिक्षा, स्वास्थ्य को लेकर दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर गुरुवार को पंचमी तिथि की संध्या बेला में ग्राम सांकरा के बजरंग चौक स्थित दुर्गा पंडाल में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य एवं जनसेवक इंद्रजीत महाडिक ने माता रानी के दरबार में पहुंचकर मत्था टेका और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उनके आगमन पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया।

नवरात्र उत्सव में आयोजित संध्या कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, बुजुर्ग, युवा साथी और नन्हे-मुन्ने बच्चे शामिल हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंद्रजीत महाडिक ने अपने उद्बोधन में नवरात्र पर्व की महत्ता बताते हुए कहा कि मां दुर्गा की आराधना हमें शक्ति, साहस और अन्याय के



शिक्षा और स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता : इंद्रजीत

विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि समाज की वास्तविक उन्नति के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। शिक्षित युवा ही क्षेत्र और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। वहीं, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रत्येक नागरिक का अधिकार हैं। उन्होंने ग्रामीणों से बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता देने और समाज में जागरूकता बढ़ाने की अपील की।

उरेन्द्र साहू समाज सेवक वही विशिष्ट अतिथि के रूप में हलधर पटेल, कोमल ठाकुर, टुकेश साहू और रोशन साहू उपस्थित रहे। ग्रामीणों की सहभागिता ने नवरात्र उत्सव की रौनक बढ़ा दी।

इस दौरान देवलाल ध्रुव ग्राम विकास समिति अध्यक्ष, हीरालाल ध्रुव कोषाध्यक्ष, भीखम राजपूत सलाहकार, शिवशंकर ध्रुव पूर्व अध्यक्ष ध्रुव गोड़ समाज 11पाली सर्कल कुरुद, ओमप्रकाश साहू, खेमू ग्वालवंशी, भागवत ध्रुव ग्राम पटेल, दूज राम ध्रुव पंच,देवलाल ध्रुव पंच, श्यालाल ध्रुव पंच, भोला राम ध्रुव, प्रेमलाल ध्रुव कुशल ध्रुव, भोज राजपूत, रुपेश यादव, अजय ध्रुव, अर्जुन ध्रुव वासु ध्रुव, प्रीतम सेन युगल ध्रुव

पटेवा के तीन चौक में मां दुर्गा की हो रही आराधना



नवापारा-राजिम। ग्राम पटेवा में नवरात्रि पर्व की धूम है। यहां के शक्ति चौक, भांठापारा और परानां ग्रामपंचायत चौक में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा विराजित है। समूचे ग्रामवासी शाम की आरती में सामूहिक रूप से शामिल होकर माता की पूजा अर्चना कर गांव के सुख समृद्धि के लिए मंगल कामना कर रहे है।

रमई पाट धाम में आज महाअष्टमी हवन-पूजन और कन्या भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव (कोरासी)

गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड के अंतिम छोर पर ग्राम सोरिद खुर्द के समीप स्थित प्राचीन माता रमई पाठ धाम में शारदीय नवरात्र के दौरान श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है। आठवीं शताब्दी की प्राचीन प्रतिमाओं से सुशोभित इस धाम में श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं। नवरात्र के दौरान प्रतिदिन सुबह से शाम तक हजारों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

धाम में पहुंचने वाले भक्तजन माता रमई पाठ के दर्शन कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। दर्शन-पूजन के बाद श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर माता का आशीर्वाद लेते हैं। नवरात्र के चलते पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है और दूर-दराज से भी श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

माता रमई पाठ धाम में आज 18 अक्टूबर, रविवार को महाअष्टमी के पावन अवसर पर हवन-पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। जय मां रमई पाठ सेवा समिति ने समस्त श्रद्धालु भक्तजनों से महाअष्टमी हवन-पूजन एवं कन्या भोज कार्यक्रम में शामिल होकर माता का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

मां दुर्गा की जा रही आराधना



नवापारा राजिम। नगर के खोलीपारा में नवशक्ति दुर्गाउत्सव समिति द्वारा मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ पूजा-अर्चना की जा रही है। दुर्गा उत्सव के दौरान माता रानी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं जनकल्याण की कामना की जा रही है। माता के दरबार में पहुंचकर श्रद्धालु शीश झुकाते हुए परिवार की सुख-शांति और उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना कर रहे हैं।



विश्वविद्यालय में गरबा एवं जसगीत प्रतियोगिता

छुरा। आईएसबीएम विश्वविद्यालय, में गरबा एवं जसगीत प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, पारंपरिक मूल्यों एवं लोककलाओं को प्रोत्साहित करना तथा विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद महलवार, कुलसचिव डॉ.बी.पी. भोल, संयुक्त कुलसचिव डॉ. रानी झा, अधिष्ठाता (अकादमिक) एवं निदेशक डॉ. एन. के. स्वामी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. ओमप्रकाश साहू तथा विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. पी. विश्वनाथन की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्घाटन एवं स्वागत उद्बोधन कुलसचिव डॉ. बी. पी. भोल द्वारा दिया गया। जसगीत प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंगीत परंपरा को अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जसगीत समूह ने प्राप्त किया, जिसमें मोनिका यदु, खोमन कंवर, खुशाल विश्वकर्मा, गायत्री देवी नायक, तनुजा नायक, तेजेश्वर साहू एवं यश शर्मा शामिल रहे।प्रथम स्थान प्राप्त समूह ने सामूहिक रूप से प्रभावशाली जसगीत प्रस्तुति देकर अपनी गायन प्रतिभा, सामूहिक समन्वय एवं छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का सुंदर प्रदर्शन किया। गरबा प्रतियोगिता में मोनिका यादव, ममता साहू एवं धनेश्वरी यादव ने उत्साहपूर्ण नृत्य प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतिभागियों ने पारंपरिक गरबा नृत्य के माध्यम से अपनी कला एवं सांस्कृतिक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों के साथ प्राध्यापकों की सहभागिता ने कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक एवं उत्साहपूर्ण बनाया।

एनसीसी कैडेटों ने दुर्गा पंडालों में चलाया नशा मुक्त अभियान

राजिम। पंडित रामबिशाल पाण्डेय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सेजेस राजिम के एनसीसी कैडेटों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए क्षेत्र में 'नशा मुक्त नवरात्र अभियान' के तहत जन-जागरूकता अभियान एनसीसी अधिकारी सागर शर्मा के नेतृत्व, में सफलतापूर्वक किया। एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थियों की अलग-अलग टीमों ने राजिम नगर और आसपास के ग्राम कोमा, किरवई, श्यामनगर, बासीन, बकली, बेलटुकरी एवं मैंसातरा के दुर्गा पंडालों में पहुँचकर युवाओं और ग्रामवासियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। बताया कि कक्षा 9वीं के छात्रा सौम्या शर्मा कक्षा 8वीं के ईशांत साहू कोमा, दीपेश निर्मलकर श्यामनगर, विपुल शर्मा बासीन, सुजाता साहू बकली, लावण्या साहू बेलटुकरी, चेतना यादव राजिम, पुष्पांजलि साहू कोमा एवं पुष्पेंद्र साहू मैंसातरा ने नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया। इन कैडेटों ने ओजस्वी नारों, प्रेरणादायक तख्तियों और प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से जन-जन तक यह संदेश पहुँचाया कि नवरात्र जैसा भक्ति, शक्ति और आत्म-शुद्धि का महापर्व पूर्णतः पवित्रता और सात्विकता का प्रतीक है। इस व्रत-त्यौहारों के दौरान शराब, तंबाकू, गुटका जैसे हानिकारक व्यसनों से पूरी तरह दूर रहकर स्वच्छ, स्वस्थ और नशा मुक्त वातावरण में त्यौहार मनाएं। इसके साथ ही श्री गणेश उत्सव के पावन अवसर पर नशाखोरी जैसी सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार किया गया। प्राचार्य ध्रुव शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुजाता शर्मा ने इस जन-जागरूकता अभियान की तारीफ किया है। फोटो नं 01



कुडेरादादर के शीतला मंदिर में 5 लाख रुपए के टीनशेड का भूमिपूजन



रसेला। ग्राम कुडेरादादर स्थित मां शीतला मंदिर परिसर में टीन शेट निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रुपए की लागत से भूमिपूजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक जनकराम ध्रुव, अध्यक्षता सरपंच तुलेश्वर ध्रुव, विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य बिमला नागेश, उपसरपंच गुलाब सिंग मरकाम, ग्राम पटेल घनश्याम साहू, पंच कृष्णा साहू, कृष्णा बाई, संतोषी बाई, ग्राम प्रमुख सेवक राम साहू, शिवदास मानिकपुरी सहित ग्रामीण मौजूद रहे। इस मौके पर विधायक जनकराम ध्रुव ने कहा कि ग्रामवासियों के मांग पर ग्राम के शीतला मंदिर में यहां श्रद्धालु नियमित रूप से पूजा अर्चना करने पहुंचते हैं। वहीं धार्मिक आयोजनों और विशेष अवसरों पर भी ग्रामीण मंदिर परिसर में एकत्रित होते हैं। ऐसे में मंदिर परिसर में टीन शेट निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। सरपंच तुलेश्वर ध्रुव ने कहा कि विधायक जनकराम ध्रुव द्वारा इस निर्माण कार्य का भूमिपूजन किए जाने से ग्राम कुडेरादादर में मंदिर परिसर की सुविधा बढ़ने की उम्मीद है। टीन शेट का निर्माण पूरा होने के बाद मां शीतला मंदिर आने वाले ग्रामीणों और श्रद्धालुओं को इसका लाभ मिलेगा। जनपद सदस्य बिमला नागेश ने कहा ग्रामीणों के लिए धार्मिक स्थलों पर बुनियादी सुविधाओं का विकास स्थानीय जरूरतों से जुडा महत्वपूर्ण कार्य है। कुडेरादादर के शीतला मंदिर में टीन शेट निर्माण इसी दिशा में एक पहल है। इस दौरान रायसिंह नेताम, ओमप्रकाश दीवान, थानेश्वर ठाकुर,चमन जगत,पीलेश्वर नेताम, गोपाल नायक, जागेश्वर ओटी,पन्नू राम ध्रुव, जीवन यादव, हरि निर्मलकर, रामसिया बाई सहित क्षेत्रीय कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026

02 विश्वविद्यालय में गरबा एवं जसगीत प्रतियोगिता



04 परसदा कला में 21 तक होगा श्रीरामलीला



राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
18 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
20

पहाड़ी पर राजा कचनाधुर्वा का प्राचीन किला, नवरात्रि में उमड़ रही लाखों श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

छत्तीसगढ़ के एक प्रमुख गढ़ के रूप में बिन्द्रानवागढ़ को जाना जाता है बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के नाम से भी है और यह मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाईवे 130 सी यहां 22 किमी की दूरी पर स्थित है जहां विशाल पहाड़ी है और इस पहाड़ी के उपर महान वीर पराक्रमी राजा कचनाधुर्वा का किला है। राजा कचनाधुर्वा अपने वीरता से 9 राज्यो को जीतकर नवागढ़ में अपना राज स्थापित किया था पहाड़ी के ऊपर कचनाधुर्वा का किला था और पहाड़ी के चारो तरफ 9 तालाब है जिससे उनका किला शत्रुओं से सुरक्षित रह सके। जनश्रुति के अनुसार कचनाधुर्वा देवपुरूश था उनके साथ चार देवी- देवता हमेशा उनके सुरक्षा में रहते थे और चार देवी- देवताओं का उनके द्वारा नवागढ़ के पहाड़ी में स्थापित किया गया है जहां आज भी पूरे बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र सहित प्रदेश व ओड़िशा राज्य सहित अनेक राज्यो के लोग बड़ी संख्या में श्रद्धा के साथ पहुंचते है और पूजा अर्चना करते है। ग्राम बिन्द्रानवागढ़ खम्हारीपारा के वरिष्ठ नागरिको ने बताया बिन्द्रानवागढ़ की पहाड़ी लाखो लोगो के आस्था का प्रमुख केन्द्र है और इस पहाड़ी में राजा कचनाधुर्वा के साथ गादीमाई, कालाकुंवर, पाठरानी, चारदेवता, बुढ़ाराजा, रानीमाई, ठाकुरदेव, माटीमहतारी सहित कई देवी-देवताओं के मंदिर है जहां पूरे बिन्द्रानवागढ़ राज के साथ प्रदेश व ओड़िशा प्रदेश के लोग पहुंचकर पूजा अर्चना करते है।

पंचमी के बाद ही पहाड़ी की चोटी तक पहुंच पाते हैं श्रद्धालु

रानी माई का समाधि स्थल 1856 से बिन्द्रानवागढ़ में आस्था का केन्द्र

बिन्द्रानवागढ़ पहाड़ी के नीचे नेशनल हाईवे के किनारे प्राचीन कालीन समाधी स्थल दिखाई देता है जहां रानी चंद्रकुमारी का नाम अंकित है इसके संबंध में ग्रामीणो ने बताया यह रानी महान पराक्रमी वीर कचनाधुर्वा के परिवार के रानी माई चंद्रकुमारी शाह का मठ है और इसका निर्माण 1854 के आसपास किया गया है जिससे यह अनुमान लगाया जाता है कि राजा कचनाधुर्वा की राजधानी बिन्द्रानवागढ़ में 1857 तक रही होगी। आज भी इनके वंशज छुरा में राज परिवार शाह परिवार है और बाद में इसकी राजधानी छुरा में बनाई गई।



पंचमी से शुरू हो जाता है देवदशहरा पर्व

बिन्द्रानवागढ़ की पहाड़ी के चोटी पर राजा कचनाधुर्वा देव की प्रमुख मंदिर है और पहाड़ी के निचले छोर पर भी उनका आसन है लेकिन नवरात्र पर्व में पंचमी से पहले कोई भी पहाड़ी के चोटी तक नही पहुंचते पंचमी से यहां आदिवासी परंपरा अनुसार देवदशहरा का आयोजन शुरू हो जाता है और नवरात्र के पंचमी पर कचनाधुरर्वा देव के आसन में झाखर पुजारी, बैगा, सिरहा द्वारा पालो चढ़ाने के बाद ही श्रद्धालु वहां तक पहुंचते है इस पहाड़ी में ठाकुर ठकराईन देव का भी पूजा अर्चना किया जाता है और पहाड़ी के नीचे गढ़िया देवी की मंदिर है।

नवरात्रि विशेष



सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-
एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

खबर संक्षेप

आज फिंगेश्वर व छुरा क्षेत्र का दौरा करेंगे विधायक

फिंगेश्वर। आज राजिम विधायक रोहित साहू फिंगेश्वर, छुरा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में दौरा में रहेंगे। कार्यक्रम सुबह विधायक निवास से 10.45 बजे फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम पीपरछेड़ी, सेम्हतरा पहुंचकर मातारानी का दर्शन करेंगे वहीं पर 12.30 बजे प्रसिद्ध मौली माता मंदिर फिंगेश्वर पहुंचकर माता के दर्शन छुरा क्षेत्र के कार्यक्रमों के लिए 1.30 बजे निकलेंगे जिसमें रमई माता,सोरिदखुर्द, मुड़ागांव, जामली के कार्यक्रम मे शामिल होंगे।

संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए कानून का निष्पक्ष पालन आवश्यक : साहू

फिंगेश्वर। धर्मांतरण एवं जाति आधारित आरक्षण से जुड़े विषय पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय का बजरंग दल स्वागत करता है। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के जिला संयोजक मोहित साहू ने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय का यह आदेश स्वागतयोग्य है। आरक्षण का लाभ संविधान एवं प्रचलित कानूनों में निर्धारित पात्रता के अनुरूप ही मिलना चाहिए। संवैधानिक प्रावधानों की मर्यादा बनाए रखना तथा न्यायपालिका के निर्णयों का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने कहा कि न्याय, समानता एवं संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए कानून का निष्पक्ष पालन आवश्यक है।



विरोध : उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में महा ग्रामसभा में शामिल हुए 128 गांवों के ग्रामीण

विस्थापन और नाकेबंदी का विरोध प्रशासन को 60 दिन का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय से 30 किमी दूर राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र के ग्राम कोकड़ी में जल, जंगल, जमीन बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में विशाल महा ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इस सभा में गरियाबंद और धमतरी जिले के 128 गांवों से पहुंचे हजारों ग्रामीणों, सामाजिक मुखियों, मांझी, गायता और पुजारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिम्मत सिंह नेताम ने की।

महा ग्रामसभा में पारित प्रस्तावों को समिति के अध्यक्ष सिरधन सोम ने पढ़कर सुनाया। सभा ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर शासन-प्रशासन को 60 दिनों का अल्टीमेटम दिया है। चेतावनी दी गई है कि इन संकल्पों को विधानसभा और प्रशासनिक स्तर पर उठाकर पूरा कराया जाए। यदि 60 दिनों में कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं होती है, तो पेशा कानून के तहत ग्रामसभा द्वारा प्रशासन का पूर्ण असहयोग किया जाएगा।

महा ग्रामसभा में बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव और सिहावा विधायक अंबिका मरकाम के अलावा एसडीएम नेहा भेड़िया व नायब तहसीलदार भी उपस्थित रहे।

विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि आदिवासी सदियों से जंगलों के रक्षक रहे हैं। शाम 6-7 बजे के बाद नेशनल हाईवे पर नाका लगाने से ग्रामीणों को आपातकालीन चिकित्सा और आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने विस्थापन के दबाव को गलत बताते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों को पेयजल, सड़क, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने इन मुद्दों को आगामी विधानसभा सत्र में उठाने का आश्वासन दिया।

विधायक अंबिका मरकाम ने वन विभाग को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पूर्वजों की वजह से ही आज जंगल और वन्य प्राणी सुरक्षित हैं। ग्रामीणों को बेदखल करने की कोशिशें अन्यायपूर्ण हैं। उन्होंने जनता से एकजुट रहकर अधिकारों की लड़ाई लड़ने का आह्वान किया।

आदिवासी नेताओं ने कहा कि क्षेत्र में बिजली का अभाव है, आवागमन ठप है और वनग्रामों को अब तक राजस्व ग्राम का दर्जा नहीं मिला है। वनों का संरक्षण करने वालों को ही बेदखल करने की साजिश कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और हजारों की संख्या में ग्रामीण शाम 5 बजे तक डटे रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन पूरन मेश्राम ने किया। इस महा ग्रामसभा के बाद क्षेत्र में राजनीतिक व सामाजिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं।



हजारो की संख्या में शामिल हुए ग्रामीण

इस मौके संघर्ष समिति के अध्यक्ष सिरधन सोम, महा सचिव रेवा देवदास, सचिव माखन सलाम, धनेश मरकाम, मनोज साक्षी, हिम्मत सिंह नेताम, टीकम नागवंशी, महेन्द्र नेताम, दैनिक राम मंडावी, अर्जुन नायक, मंगल सिंह नाग, रवि नेताम, लक्ष्मण सिंह मरकाम, गोकुल नेताम, ईश्वरी नेताम, बुधराम मांझी, संतोश मरकाम, शंकर लाल नेताम, चिमन लाल, कृष्णा मंडावी, दिनाचंद मरकाम, निरमती नेताम, दुखिया बाई मरकाम, देवी सिंह नेताम, रमुला मरकाम, फूलमति नेताम, बुधुराम मरकाम, फूलचंद मरकाम, रेवती यादव, रामकृष्ण ध्रुव, गेंदु यादव, डीके यादव, एवं हजारो की संख्या में 128 ग्रामों के लोग शामिल हुए।

अतरमरा पंचायत में 15वें वित्त की राशि व्यय पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम



क्षेत्र के ग्राम पंचायत अतरमरा में 15वें वित्त आयोग की राशि के व्यय को लेकर कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच की मांग उठी है। इस संबंध में भाजपा आरटीआई प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं दुर्ग संभागीय प्रभारी खिलेश्वर गोस्वामी ने आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू), छत्तीसगढ़ शासन के महानिदेशक के समक्ष लिखित शिकायत प्रस्तुत कर निष्पक्ष जांच एवं दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में ग्राम पंचायत अतरमरा में वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक 15वें वित्त आयोग की राशि से कराए गए कार्यों तथा तत्कालीन पंचायत सचिव चेतन सोनकर के कार्यकाल में प्रस्तुत बिल-वाउचर और भुगतान संबंधी अभिलेखों की जांच कराने का अनुरोध किया गया है।

सूचना के अधिकार से प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर उठाए सवाल खिलेश्वर गोस्वामी के अनुसार, सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त दस्तावेजों के परीक्षण में कुछ बिलों पर बिल क्रमांक एवं जारी करने की तारीख का उल्लेख नहीं होने, कुछ बिलों में जीएसटी नंबर उपलब्ध नहीं होने तथा अलग-अलग दुकानदारों या फर्मों के नाम से प्रस्तुत बिलों की हस्तलिपि एक जैसी होने की आशंका जैसे बिंदु सामने आए हैं। कहा कि केवल दस्तावेजों में कमियां दिखाई देने के आधार पर किसी बिल को फर्जी घोषित करना उचित नहीं होगा। इसलिए यह जांच जरूरी है कि बिल वास्तव में संबंधित दुकानदारों या आपूर्तिकर्ताओं ने जारी किए थे या नहीं। सामग्री की वास्तविक खरीदी एवं आपूर्ति हुई थी या नहीं और भुगतान सही व्यक्ति अथवा फर्म को किया गया था या नहीं। शिकायत में ईओडब्ल्यू से पंचायत के मूल बिल-वाउचर, कैशबुक,लेजर,बैंक स्टेटमेंट,चेक एवं ई-पेमेंट विवरण, पंचायत प्रस्ताव, कायार्देश,तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृतियों तथा माप पुस्तिका की जांच कराने की मांग की गई है।

विद्यार्थियों ने सीखी लोकतंत्र की बारीकियां नेतृत्व और संवाद कौशल का हुआ विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर



विकासखंड स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन शासकीय ठाकुर दलगंजन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फिंगेश्वर में किया गया। इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए मास्टर ट्रेनर सतीश मालवीय ने बताया कि विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्य संसदीय परंपराओं, नेतृत्व क्षमता,तार्किक चिंतन तथा अभिव्यक्ति कौशल का विकास करना है। युवा संसद कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों की कार्य प्रणाली, जन प्रतिनिधियों की भूमिका,जन समस्याओं पर चर्चा तथा लोकतांत्रिक तरीके से प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है।

इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत साहू ने कहा कि युवा संसद विद्यार्थियों को देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और संसदीय कार्य प्रणाली को समझने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती है। इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, तार्किक चिंतन और निर्णय लेने की क्षमता का विकास होता है। उन्होंने आगे कहा कि आज की विद्यार्थी कल के जिम्मेदार नागरिक और देश के भावी नेतृत्वकर्ता है।विकासखंड स्त्रेत समन्वयक सुभाष शर्मा ने कहा कि युवा संसद विद्यार्थियों के सवांर्गीण विकास का सशक्त माध्यम है। इससे बच्चों को केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं मिलता,बल्कि वह व्यवहारी जीवन में संवाद करने,समस्याओं को समझने और उनके समाधान खोजने की कला भी सिखते हैं।

बस किराये में 40 प्रतिशत वृद्धि जनविरोधी फैसला : कांग्रेस

नवापारा-राजिम। कांग्रेस के सुरेन्द्र साहू ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा यात्री बसों के किराये में की गई भारी वृद्धि गरीब, मजदूर, किसान, विद्यार्थी एवं मध्यमवर्गीय परिवारों की जेब पर सीधा प्रहार है। साहू ने सवाल उठाया कि आखिर सरकार की हर आर्थिक नीति का खामियाजा गरीब और मध्यमवर्गीय जनता ही क्यों भुगते? पहले से ही बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, व्यापार में मंदी और घरेलू खर्चों से परेशान जनता पर बस किराये का अतिरिक्त बोझ डालना अन्याय है बसों में सफर करना गरीबों का शौक नहीं, मजबूरी है। मजदूर रोजी-रोटी के लिए, विद्यार्थी शिक्षा के लिए, किसान अपने कामकाज के लिए और मरीज इलाज के लिए बसों पर निर्भर हैं।



जमाही की बिटिया चेतना ने तैराकी में जीते चार पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा-बेलर



गरियाबंद जिले के समीपस्थ ग्राम जमाही की आदिवासी बेटी चेतना ध्रुव ने तैराकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। स्वर्गीय मोहन सिंह ध्रुव की पुत्री चेतना ने प्रतियोगिता में कुल चार पदक अपने नाम कर गांव, जिले और पूरे छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

गेम से वापस पर चेतना ने बताया कि तमिलनाडु राज्य के कोयंबटूर जिले में 7 से 11 अक्टूबर 2026 तक आयोजित 5वाँ नेशनल स्पोर्ट्स गेम प्रतियोगिता-2026 में स्विमिंग, एथलेटिक, बैडमिंटन, फुटबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 52 मेडल छत्तीसगढ़ राज्य के नाम किया है।इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के 1300 खिलाड़ियों के साथ पड़ोसी देश श्रीलंका के 70 खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया था। जिसमे मेरी स्विमिंग में प्रतिभागी रही है। चेतना ध्रुव ने आगे बताई तैराकी की विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक और बटरफ्लाई में दो रजत पदक हासिल किए। वहीं फ्रीस्टाइल और बैकस्ट्रोक स्पर्धा में दो कांस्य पदक जीतकर कुल चार पदकों पर कब्जा जमाया। उनकी इस उपलब्धि ने खेल के क्षेत्र में उनकी मेहनत, लगन और प्रतिभा को एक बार फिर साबित किया है।

चेतना ध्रुव केवल तैराकी में ही नहीं, बल्कि हॉकी में भी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुकी हैं। वे राष्ट्रीय सिविल सर्विसेज हॉकी प्रतियोगिता में लगातार चार बार छत्तीसगढ़ की टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।

नई फसल के स्वागत में गांवों में निभाई 'नवा खाने' की परंपरा

दशहरा में नवा खाने की परंपरा, नई फसल के स्वाद में घुलता है परिवार का अपनापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

छत्तीसगढ़ की माटी में रची-बसी कृषि संस्कृति और लोक परंपराओं का दशहरा पर्व से गहरा नाता है। विजयादशमी के अवसर पर समूचे राजिम क्षेत्र में लाखो परिवारों में नवा खाने की परंपरा आज भी पूरे श्रद्धाभाव के साथ निभाई जाती है। खेतों में लहलहाती धान की बालियां, नई फसल की खुशबू और घर-परिवार के साथ बैठकर नवा खाने का आनंद इस पर्व को खास बना देता है। सैकड़ों वर्षों से चली आ रही यह परंपरा केवल नई फसल का स्वाद चखने तक सीमित नहीं, बल्कि परिवार के मिलन, कृषि समृद्धि और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक भी है। खास बात यह है कि इन दिनों राजिम क्षेत्र के गांवों में धान की फसल खेतों में लहलहाती नजर आ रही है। कहीं बालियों में दाने भरने लगे हैं, तो कहीं तेज धूप के बीच फसल पकने की ओर अग्रसर है। खेतों में फैली हरियाली ग्रामीण जीवन की समृद्धि और किसानों की मेहनत की कहानी कह रही है। इसी फसल से जुड़े उत्साह के बीच दशहरा पर नवा खाने की परंपरा निभाई जाती है।

दशहरा से शुरू होती है कटाई, दिवाली के बाद पकड़ती है रफ्तार- दशहरा के आसपास कई क्षेत्रों में धान की शुरूआती कटाई शुरू हो जाती है। दिवाली के आसपास कटाई का काम तेजी पकड़ता है और फसल तथा मौसम के अनुसार दिसंबर तक जारी रहता है। इस दौरान गांवों में कृषि मजदूरों की मांग बढ़ जाती है। कई बार किसानों को समय पर मजदूर नहीं मिल पाते, जिससे कटाई का काम प्रभावित होता है। अब हार्वेस्टर सहित आधुनिक कृषि मशीनों ने कटाई के तौर-तरीकों को काफी बदल दिया है। जहां पहले खेतों में हंसिये से धान काटा जाता था, वहीं अब मशीनों की मदद से कम समय में बड़े रकबे की कटाई हो जाती है। कई किसान कटाई के बाद धान को सीधे मंडी या खरीदी केंद्र तक पहुंचाने लगे हैं।

खीर बनाकर निभाते हैं नई फसल का उत्सव



दशहरा के दिन कमोवेश सभी परिवारों में नई फसल के चावल से खीर बनाई जाती है। पूजा-अर्चना के बाद परिवार के सदस्य एक साथ बैठकर नवा खाते हैं। इस परंपरा का भाव नई उपज के प्रति सम्मान और सुख-समृद्धि की कामना से जुड़ा है। ग्रामीण अंचलों में आज भी इसे पारिवारिक और सांस्कृतिक आयोजन के रूप में देखा जाता है।

नौकरी, व्यवसाय और अन्य कारणों से गांव से दूर रहने वाले परिवार के सदस्य भी इस अवसर पर घर लौटने का प्रयास करते हैं। दशहरा उनके लिए केवल त्योहार नहीं, बल्कि अपनों के बीच लौटने और पारिवारिक रिश्तों को फिर से जीवंत करने का अवसर बन जाता है।

अस्पताल में ताला लगा मिला तो करेंगे आंदोलन

रसेला। बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कनसिंघी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्थाओं की शिकायत सामने आई है। ग्रामीणों की शिकायत पर विधायक जनक ध्रुव ने स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान रात के समय इलाज के लिए अस्पताल पहुंचने पर ताला लटका मिला। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने चेतावनी दी कि दीपावली तक स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वे ग्रामीणों के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने धरने पर बैठेंगे। ग्रामीणों के अनुसार कनसिंघी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कर्मचारी पदस्थ हैं, लेकिन रात के समय किसी ग्रामीण की तबीयत बिगड़ने पर जब परिजन मरीज को लेकर इलाज के लिए पहुंचते हैं, तो स्वास्थ्य केंद्र में ताला लगा मिलता है। ऐसे में ग्रामीणों को समय पर उपचार मिलने के बजाय परेशानियों का सामना करना पड़ता है। रात में अचानक बीमारी या आपात स्थिति उत्पन्न होने पर यह समस्या मरीजों और उनके परिजनों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन जाता है।स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों ने भी बताया कि वे रात में कनसिंघी के बजाय रसेला में रहते हैं। विधायक जनक ध्रुव ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी से फोन पर चर्चा कर कनसिंघी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने दीपावली तक व्यवस्था में सुधार करने की बात कही और कहा सुधार नहीं होने पर वे ग्रामीणों के साथ स्वास्थ्य केंद्र के सामने धरने पर बैठेंगे।

खबर संक्षेप

विधायक जनक ध्रुव ने गाए जसगीत झुम उठे श्रद्धालु



मैनपुर। इन दिनों पूरा क्षेत्र मॉ दुर्गा के आराधना पूजा अर्चना में लगे हुए है ऐसे में बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव क्षेत्र के देवी मंदिरो में विधि–विधान के साथ पूजा–अर्चना कर क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मंदिरों में दर्शन के उपरांत, विधायक जनक ध्रुव मैनपुर नगर के सार्वजनिक दुर्गा उत्सव पंडाल पहुँचे यहाँ उन्होंने माता रानी के दरबार में हाजिरी लगाई और दर्शन किए। रात्रि के समय आयोजित माता सेवा कार्यक्रम के दौरान विधायक जनक ध्रुव का एक अनूठा रूप देखने को मिला। मंच पर पहुंचकर उन्होंने अपनी सुमधुर आवाज में पारंपरिक माता सेवा और जस गीत गाना शुरू किया। विधायक को पूरी तल्लीनता और भक्ति भाव से गीत गाते देख पंडाल में मौजूद सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। विधायक की गायकी और माता की भक्ति के इस माहौल ने उपस्थित जनसमूह को झूमने पर मजबूर कर दिया पंडाल में मौजूद लोगों ने उनका साथ दिया और पूरा परिसर जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा।

परसदा कला में 21 तक होगा श्रीरामलीला



छुईहा बेलर। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र, आदर्शों, भ्रातृ प्रेम, पितृ भक्ति और त्याग-समर्पण की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम परसदा कला में 1996 से संचालित स्थानिय नाट्य मंडली द्वारा श्रीरामलीला का भव्य मंचन किया जा रहा है। श्रीरामलीला कमेटी परसदाकला के तत्वावधान में आयोजित यह धार्मिक कार्यक्रम 16 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक चलेगा। प्रतिदिन रात्रि 9 बजे से लोगों की उपस्थिति तक शीतला पारा में श्रीरामलीला का मंचन हो रहा है। श्रीरामलीला कमेटी के सदस्य सरपंच गणेशराम साहू ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ श्रीरामलीला का आयोजन किया जा रहा है। मंचन के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, सत्य, धर्म, कर्तव्यनिष्ठा और पारिवारिक मूल्यों को प्रस्तुत किया जाएगा। यह आयोजन ग्रामीणों के लिए धार्मिक आस्था के साथ-साथ सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ने का अवसर भी बनेगा। आयोजन समिति ने समस्त ग्रामवासियों, श्रद्धालुओं तथा क्षेत्रवासियों से सहपरिवार एवं इष्ट-मित्रों सहित कार्यक्रम में उपस्थित होकर श्रीरामलीला का आनंद लेने और प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

अतिरिक्त कक्ष सहित स्कूल परिसर में विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन



नवापारा-राजिम। ग्राम सोनेसिली के स्कूल परिसर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए जीरामजी योजना के तहत तीन अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 21 लाख 24 हजार, बालिका शौचालय के लिए 5 लाख किचन शेड के लिए 5 लाख 80 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति हुआ है, जिसके निर्माण कार्य के लिए सरपंच अजय साहू की मौजूदगी में उपसरपंच ताराचंद साहू, पंचायत सचिव महेश सिन्हा, रोजगार सहायक नीला देवी, तोषन साहू, प्रधानपाठक गणेश साहू, समय साहू, गांव के वरिष्ट नागरिक श्याम साहू, मुकेश साहू, रुपेश साहू, शिशुपाल साहू, बहुर साहू, हीरा साहू, मोहन साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष दीपक साहू, अरुण साहू, विजय साहू, काशी यादव, उमेश यादव, सहित ग्राम पंचायत के सभी वार्ड के पंच, शिक्षकों के गरिमामय उपस्थिति में हुआ।

गरियाबंद में गुजराती समाज का गरबा महोत्सव बना शहर की सांस्कृतिक पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

आस्था, संस्कृति, परंपरा और पारिवारिक एकता का अनूठा संगम गरियाबंद में गुजराती समाज द्वारा आयोजित गरबा महोत्सव केवल नृत्य का आयोजन नहीं, बल्कि शहर की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। करीब 59 वर्षों से लगातार आयोजित हो रहा यह गरबा उत्सव पीढ़ियों को जोड़ने और सामाजिक सद्भाव की मिसाल पेश करने का काम कर रहा है। इस वर्ष आयोजन के पारंपरिक स्थल बस स्टैंड स्थित राजूबिड़ी प्रांगण के बजाय मजरकट्टा स्थित निषाद समाज परिसर में किया जा रहा है, जहां गरबा खेलने और इस सांस्कृतिक परंपरा का हिस्सा बनने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। गरियाबंद के इस ऐतिहासिक गरबा महोत्सव की सबसे खास बात इसका पारिवारिक माहौल है। यहां छोटे बच्चों से लेकर युवा, महिलाएं, बुजुर्ग और वरिष्ठ नागरिक तक पूरे उत्साह के साथ गरबा करते नजर आते हैं। पारंपरिक वेशभूषा में सजे प्रतिभागी जब गरबा की धुन पर एक साथ कदम मिलाते हैं, तो पूरा परिसर उत्सव के रंग में रंग जाता है। रंग-बिरंगे परिधान, संगीत की लय और सामूहिक नृत्य इस आयोजन को खास बनाते हैं। इस गरबा की पहचान केवल गुजरात की लोकसंस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह गरियाबंद के सामाजिक जीवन का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। वर्षों से इस आयोजन से जुड़ी पीढ़ियों के लिए गरबा उत्सव आपसी मेल-मिलाप, पारिवारिक सहभागिता और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का अवसर बन गया है।

छह दशकों से संस्कृति और परंपरा का अनूठा उत्सव



विशिष्ट पहचान बना चुका है गरबा

लगभग छह दशकों की इस यात्रा में गरियाबंद का गरबा महोत्सव समय के साथ एक विशिष्ट पहचान बना चुका है। इसकी निरंतरता बताती है कि संस्कृति केवल आयोजनों से नहीं, बल्कि समाज की भागीदारी और नई पीढ़ी तक परंपराओं को पहुंचाने से जीवित रहती है। आशीष ठक्कर और प्रकाश सरवैया ने बताया इस आयोजन के इतिहास, इसकी शुरुआत पुराने आयोजन स्थलों और समय के साथ आए बदलावों को समझने के लिए महत्वपूर्ण होगी। उनके अनुभवों के माध्यम से यह भी सामने आ सकता है कि छह दशकों के करीब की इस परंपरा ने गरियाबंद की सांस्कृतिक पहचान को किस तरह मजबूत किया है।

सौगात : विधायक ने ज्योति कक्ष एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए राशि देने की घोषणा की

गांधी मैदान में रास गरबा की धूम, मां दुर्गा की आराधना में झूम रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

गांधी मैदान गरियाबंद में श्री सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा आयोजित पांच दिवसीय रास गरबा उत्सव के दूसरे दिन भी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। मां दुर्गा की आराधना और पारंपरिक गरबा नृत्य के बीच पूरा परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और नगरवासियों ने उत्सव में शामिल होकर धार्मिक परंपराओं के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू शामिल हुए। उन्होंने मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों को

को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना भी की। इस दौरान समिति की मांग पर रंगमंच के समीप ज्योति कक्ष एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए स्टीमेट के अनुसार राशि प्रदान करने की घोषणा की।

धार्मिक आस्था और परंपरा का संगम- विधायक रोहित साहू ने कहा कि रास गरबा केवल नृत्य का आयोजन नहीं, बल्कि मां दुर्गा की आराधना और हमारी सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ने का माध्यम है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी तथा मां दुर्गा से सभी के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उत्सव के दौरान समिति ने रंगमंच के समीप ज्योति कक्ष और अतिरिक्त कक्ष निर्माण की आवश्यकता से विधायक को अवगत कराया। इस पर विधायक ने स्टीमेट के अनुसार निर्माण कार्य के लिए राशि प्रदान करने की घोषणा की। इससे धार्मिक गतिविधियों और आगामी आयोजनों के लिए सुविधाओं के विस्तार की उम्मीद है। इसके अलावा कार्यक्रम में पूर्व विधायक अमितेश शुक्ला, कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा भी शामिल हुए।



कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर, नगर पंचायत अध्यक्ष रिखी यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा पारस ठाकुर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, जिला मंत्री सुरेन्द्र सोनटेके, जिला महामंत्री आशीष शर्मा, पार्षद बिंदु सिन्हा, पार्षद पुष्पा साहू, कुलेश्वर सोनवानी, युवराज साहू, पार्षद सूरज सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन में समिति के मनोज खरे, प्रकाश रोहरा, संदीप सरकार, संजीव साहू, नारायण सारथी, तरुण यदु, सागर मयाणी, ऐश्वर्या यदु, उत्तम सोनी, रितेश ताण्डी, गैंदलाल सिन्हा, मुकेश पांडे, रमन कुकरेजा, भावेश सिन्हा, जालेश सेन और सहित सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही।



आईएसबीएम विवि में 'आनंद मेला व फूड फेस्ट', फार्मेसी विभाग अव्वल



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय में 'विश्व खाद्य दिवस 2026' के अवसर पर उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आनंद मेला एवं फूड फेस्ट का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की पाक-कला, रचनात्मकता, टीमवर्क और प्रबंधन कौशल को मंच देना था। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना और कुलपति महोदय द्वारा रिबन काटकर विधिवत उद्घाटन के साथ हुई। मेले में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा कुल 10 स्टॉल लगाए गए, जहाँ छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजनों से लेकर लजीज फास्ट फूड तक का अनूठा संगम देखने को मिला। इसमें कला एवं मानविकी विभाग ने चीला, खुरमी, अरसा, चौसेला, दूध फरा, ढोकला और जलेबी की प्रस्तुति दी। अभियांत्रिकी एवं विज्ञान विभाग ने विद्यार्थियों द्वारा गुपचुप और ब्रेड पकौड़े के स्टॉल, पुस्तकालय एवं फार्मेसी विभाग ने बंगाली मिठाइयाँ, साबूदाना-सिंघाड़े के पकौड़े और विभिन्न प्रकार के मॉकटेल्स व कोल्ड ड्रिंक्स, विधि, वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग ने लिट्टी-चोखा, कस्टर्ड, कुरकुरे और भेल के स्टाल लगाएं। बेहतरीन प्रदर्शन और बिक्री के आधार पर प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए। इसमें प्रथम स्थान फार्मेसी विभाग (स्टॉल क्र. 8 - मॉकटेल्स एवं कोल्ड ड्रिंक्स), द्वितीय स्थान विधि विभाग (स्टॉल क्र. 9 - लिट्टी-चोखा एवं कस्टर्ड), तृतीय स्थानः कला एवं मानविकी विभाग (स्टॉल क्र. 1 - छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजन) को मिला। कार्यक्रम का संचालन सुश्री सुकृति पाठक ने किया, जिसमें अन्य शिक्षकों और विधि विभाग के विद्यार्थियों करण, मनोज व शेषनारायण का विशेष सहयोग रहा। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में व्यावहारिक अनुभव और उद्यमशीलता की भावना को मजबूत किया।

शीतला मंदिर रसेला में भंडारा आज

रसेला। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर ग्राम रसेला के मां शीतला में दुर्गा अष्टमी के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रसेला के व्यापारी संघ द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में समस्त श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों के लिए प्रसादी वितरण की व्यवस्था की गई है। इस आयोजन के अंतर्गत सर्वप्रथम पंडित द्वारा विधि विधान और मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन पूर्णाहुति महाआरती कर संपन्न किया जाएगा। इसके पश्चात नौ कन्याओं को श्रद्धापूर्वक भोग अर्पित किया जाएगा तथा पूजा अर्चना पूर्ण होने के बाद श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों को प्रसादी वितरण की जाएगी। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए रसेला के समस्त व्यापारी संघ के सदस्य तन मन धन से जुटे हुए हैं। व्यापारी संघ के सदस्यों द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि मां शीतला के दरबार में पहुंचने वाले सभी श्रद्धालुओं को सुचारू रूप से प्रसादी प्राप्त हो सके।

व्यापारी संघ ने की श्रद्धालुओं से अपील- रसेला व्यापारी संघ ने समस्त ग्रामवासियों, श्रद्धालुओं एवं मां शीतला के भक्तों से आग्रह किया है कि वे दुर्गा अष्टमी के इस पावन अवसर पर मां शीतला मंदिर पहुंचकर माता रानी के दर्शन करें तथा हवन पूजन एवं भंडारे में सहभागी बनकर पुण्य लाभ प्राप्त करें। संघ ने सभी ग्रामवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस धार्मिक आयोजन की शोभा बढ़ाने और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की है। व्यापारी संघ के अध्यक्ष कृष्ण कुमार चक्रधारी ने कहा कि धार्मिक आयोजन केवल आस्था का प्रतीक ही नहीं, बल्कि समाज में प्रेम, सद्भाव, सेवा और भाईचारे की भावना को मजबूत करने का माध्यम भी है।

नपा में 66 लाख के चार विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

नगर पालिका में 66 लाख रुपये की लागत से होने वाले चार विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने किया। इन कार्यों में जिला अस्पताल के पास सार्वजनिक सुलभ शौचालय निर्माण, मुक्तिधाम का उन्नयन, पीपलेश्वर महादेव मंदिर के पास टीन शेड निर्माण तथा वार्ड क्रमांक 12-13 में सीसी सड़क मरम्मत कार्य शामिल हैं। इन कार्यों से नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में भी सहूलियत मिलेगी। वार्ड क्रमांक 1 में जिला अस्पताल के पास 30 लाख रुपये की लागत से सार्वजनिक सुलभ शौचालय बनाया जाएगा। यहां महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग व्यवस्था रहेगी। वर्तमान में इस क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालय की सुविधा नहीं होने से जिला अस्पताल और उपजेल आने वाले लोगों को परेशानी होती है। अध्यक्ष रिखीराम यादव ने इस आवश्यकता को संज्ञान में लेते हुए कार्य की स्वीकृति दिलाई। वार्ड क्रमांक 7-8 में 30 लाख रुपये की लागत से मुक्तिधाम का उन्नयन किया जाएगा। वार्ड क्रमांक 13 में पीपलेश्वर महादेव मंदिर के पास 5 लाख रुपये की लागत से टिन शेड का निर्माण किया जाएगा। इससे मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों में लोगों को सुविधा मिलेगी। साथ ही धूप और बारिश से बचाव के लिए भी उपयुक्त स्थान उपलब्ध होगा। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, सभापति रेणुका साहू, पार्षद सुरेंद्र सोनटेके, बिंदु सिन्हा, सूरज सिन्हा, सुरेंद्र सोनटेके सहित डॉ. हरीश चौहान, उपजेल अधीक्षक रवि कुमार भुआर्य, सागर मयानी, प्रतीक तिवारी, अर्चना उपाध्याय, नीलू निर्मलकर, भूपेंद्र कश्यप तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

सीसी सड़क मरम्मत कार्य का भी शुभारंभ



वार्ड क्रमांक 12-13 में एक लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क मरम्मत कार्य का भी शुभारंभ किया गया। इससे सड़क की स्थिति में सुधार होगा और स्थानीय लोगों के आवागमन में सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने कहा कि नगर के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता से पूरा किया जा रहा है। आज 66 लाख रुपये की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं शुभारंभ किया गया है, वे सभी सीधे तौर पर जनहित से जुड़े हैं। इन कार्यों का निर्माण जल्द पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा।

सरस्वती शिशु मंदिर में कन्या पूजन और भोज

छुरा। शारदीय नवरात्र पर्व के पावन अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, छुरा में नवरात्रि के छठवें दिवस पर कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की नन्हीं बालिकाओं ने मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। इस दौरान विद्यालय का वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालुओं ने बालिकाओं को देवी स्वरूप मानकर उनकी पूजा-अर्चना की।कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक की लगभग 100 बालिकाएं नवदुर्गा के विभिन्न स्वरूपों में सजकर विद्यालय पहुंचीं। पारंपरिक वेशभूषा और आकर्षक श्रृंगार में सजी इन बालिकाओं ने मां दुर्गा के नौ रूपों की झलक प्रस्तुत की। नन्हीं बालिकाओं के देवी स्वरूप में विद्यालय आगमन से पूरे परिसर में उत्साह और धार्मिक उल्लास का वातावरण निर्मित हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय संचालन समिति की व्यवस्थापक संतोषी यादव दीदी, अध्यक्ष विजय गुप्ता, विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा एवं कार्यालय प्रमुख टीकम सिंह मरकाम द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। विद्यालय संचालन समिति की व्यवस्थापक संतोषी यादव द्वारा सभी भैया-बहनों के लिए केले का फल दान किया गया। विद्यालय परिवार ने मिलकर आयोजन को सफल बनाया तथा नवरात्र पर्व की धार्मिक महत्ता को विद्यार्थियों तक पहुंचाने का प्रयास किया।कन्या भोज के दौरान विद्यालय के भैया-बहनों ने भक्तिमय जसगीतों का गायन किया। इस अवसर पर विद्यालय की आचार्य एवं दीदियां किरण वर्मा, ओम डहरिया, भारती यादव, अल्का सिन्हा, मैनाज बेगम, कुंती साहू, नंदनी साहू, खिलेश्वरी, कविता यदु, निधिका शाह, डॉली साहू, दुहिता यादव, रितु शर्मा, हेमलता नाग, डिगेश्वरी यादव एवं दुर्गा बंजारे सहित आचार्य सेवक राम निषाद, गणेशु निषाद, मनोज निर्मलकर, टोमन सिंह ठाकुर, राहुल सिन्हा, ओम प्रकाश क्षत्रिय, हेमू भारती एवं जितेंद्र कुमार मरकाम उपस्थित रहे।



'कपसीडीह की गौरवगाथा' के लोकार्पण के साथ कवि सम्मेलन

गांव के इतिहास, संस्कृति और गौरव को सहेजती पुस्तक का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

अंचल के ग्राम कपसीडीह में युवा साहित्यकार वीरेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा लिखित पुस्तक 'कपसीडीह की गौरवगाथा' का विमोचन किया गया। इस अवसर पर कवि सम्मेलन और स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। पुस्तक में ग्राम कपसीडीह के इतिहास, संस्कृति, भौगोलिक संरचना, प्रमुख व्यक्तियों और महत्वपूर्ण घटनाओं का विस्तार से वर्णन किया गया है।

कवि सम्मेलन में अंचल के कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। पांडुका के कवि नूतन लाल साहू ने हास्य रस की कविताएं प्रस्तुत कीं। ग्राम रांवड़ के टीकमचंद सेन और सोनेसिल्ली के प्रदीप साहू 'कुंवरदादा' ने वीर रस की रचनाओं से श्रोताओं में उत्साह का संचार किया। बेहरापाल के मोतीलाल साहू ने व्यंग्य रचनाओं के माध्यम से सामाजिक विसंगतियों पर प्रहार किया। कपसीडीह के नवोदित कवि कुलेश्वर साहू ने महंगाई के विषय को अपनी कविता में उठाया, जबकि चंदना की अनिता सुभाष देशमुख ने बेटी पर केंद्रित रचना प्रस्तुत की। आशाराम वर्मा ने छत्तीसगढ़ महतारी की महिमा का वर्णन किया। वहीं, लोहरसी के हास्य कवि कमलेश कौशिक कठलहा ने अपनी हास्य कविताओं से श्रोताओं को खूब हंसाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य तथा भाजपा के जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि युवा साहित्यकार वीरेंद्र सिंह ठाकुर का यह प्रयास सराहनीय है। पुस्तक आने वाली पीढ़ियों को कपसीडीह के संघर्ष, विकास और संस्कृति से परिचित कराने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी। उन्होंने मंच पर उपस्थित कवियों को भी अपने-अपने गांवों के इतिहास और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए प्रेरित किया।

विशिष्ट अतिथि राष्ट्रपति एवं राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित प्रधानपाठक और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मुन्नालाल देवदास ने पुस्तक के विमोचन पर लेखक, प्रकाशन मंडल और ग्रामवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक साहित्यकार का कर्तव्य है कि वह अपने माता-पिता के साथ अपनी जन्मभूमि का नाम भी गौरवान्वित करे। जिस गांव में जन्म हुआ और जिसकी मिट्टी में खेलकर जीवन की शुरुआत हुई, उसके प्रति सदैव कृतज्ञता का भाव रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि कपसीडीह भले ही छोटा गांव है, लेकिन इसकी उपलब्धियां असाधारण हैं।



